



UP Board

Model Question Paper

2024







मॉडल प्रश्न पत्र

सत्र 2023–2024

कक्षा–10

समयः 3 घण्टा 15 मिनट **वाणिज्य** **पूर्णांक–70**

नोट– प्रारम्भ के 15 मिनट परीक्षार्थियों को प्रश्न–पत्र पढ़ने के लिए निर्धारित हैं।

निर्देश– सभी प्रश्न अनिवार्य है। सभी प्रश्नों के निर्धारित अंक प्रश्नों के सम्मुख अंकित हैं। इस प्रश्न पत्र के दो खण्ड हैं। खण्ड 'अ' में 20 अंक के 20 प्रश्न बहुविकल्पीय हैं, जिनके उत्तर ओ0एम0आर0 शीट पर देने हैं। ओ0एम0आर0 पर उत्तर अंकित किए जाने के पश्चात् उसे काटे नहीं तथा इरेज़र (Eraser), व्हाइटनर आदि का प्रयोग न करें। दूसरा खण्ड 'ब' में 50 अंक के वर्णनात्मक प्रश्न हैं।

खण्ड 'अ'

बहुविकल्पीय प्रश्न– 1x20 (प्रत्येक 1 अंक)

1. यदि तलपट में अन्तिम रहतिया दिया गया हो तो उसे दिखाया जाता है–
   (अ) व्यापार खाते में (ब) आर्थिक चिट्ठे में
   (स) व्यापारिक खाते तथा चिट्ठे में (द) लाभ–हानि खाते में
2. समायोजन का लेखा कितने स्थानों पर प्रभाव डालता है?
   (अ) चार (ब) तीन (स) दो (द) एक
3. हुण्डी किस भाषा में लिखी जाती है?
   (अ) अंग्रेजी (ब) हिन्दी (स) मुड़िया (द) हिन्दी व मुड़िया दोनों में
4. बैंक समाधान विवरण तैयार किया जाता है–
   (अ) तलपट बनाने मे पूर्व (ब) अन्तिम खाते बनाने से पूर्व
   (स) व्यापारी की इच्छानुसार (द) इनमें से कोई नहीं
5. नस्तीकरण की किस प्रणाली में पत्र खड़ी अवस्था में रखे जाते हैं?
   (अ) तार वाली फाइल (ब) फोल्डर फाइल
   (स) शलाखों वाली फाइल (द) वर्टीकल फाइलिंग कैबिनेट
6. कोड भाषा में लिखे गये तारों को कहते हैं–
   (अ) फोनोग्राम (ब) सांकेतिक तार
   (स) गुप्त भाषा के तार (द) विदेशी तार
7. समय व श्रम बचाने वाले यन्त्र हैं–
   (अ) समय लेखन मशीन (ब) कम्प्यूटर
   (स) टाइपराइटर (द) ये सभी
8. दो देशों के मध्य होने वाले व्यापार को कहते हैं–
   (अ) देशी व्यापार (ब) विदेशी व्यापार
   (स) राज्यीय व्यापार (द) अन्तर्राज्यीय व्यापार

schools.aglasem.com
aglasem.com

9. थोक व्यापारी किनके बीच कड़ी का कार्य करते हैं?
(अ) उत्पादक व ग्राहक (ब) उत्पादक व सरकार
(स) उत्पादक व फुटकर व्यापारी (द) इनमें से कोई नहीं

10. विश्व में पहला विभागीय भण्डार कब तथा कहाँ स्थापित किय गया?
(अ) सन् 1840 में इटली में (ब) सन् 1852 में फ्रांस में
(स) सन् 1856 में अमेरिका में (द) सन् 1844 में इंग्लैण्ड में

11. बीजक किसके द्वारा तैयार किया जाता है?
(अ) क्रेता के द्वारा (ब) विक्रेता के द्वारा
(स) एजेण्ट के द्वारा (द) इन सभी के द्वारा

12. स्टेट बैंक ऑफ इण्डिया का प्रबन्ध कितने सदस्यों के केन्द्रीय संचालक मण्डल द्वारा किया जाता है?
(अ) 10 (ब) 15 (स) 20 (द) 25

13. भारत में देशी बैंकर्स का कार्य है–
(अ) जमा स्वीकार करना (ब) ऋण देना
(स) आपत्ति काल में सहायक (द) उपर्युक्त सभी

14. रिज़र्व बैंक का प्रधान कार्यालय स्थित है–
(अ) अहमदाबाद में (ब) भुवनेश्वर में
(स) गुवाहाटी में (द) मुम्बई में

15. निम्नलिखित में से कौन सा व्यापारिक बैंक नहीं है–
(अ) रिज़र्व बैंक ऑफ इण्डिया (ब) देना बैंक
(स) विजया बैंक (द) केनरा बैंक

16. निम्नलिखित में से कौन सा खाता बैंकों में खोला जाता है–
(अ) पूँजी खाता (ब) चालू खाता
(स) रोकड़ खाता (द) बहीखाता

17. भारत में सहकारी समिति अधिनियम कब पारित हुआ?
(अ) सन् 1901 में (ब) सन् 1902 में
(स) सन् 1903 में (द) सन् 1904 में

18. निम्नांकित में से उपभोक्ता की पूर्ण तृप्ति की स्थिति कौन सी है?
(अ) शून्य सीमान्त तुष्टिगुण (ब) घटता सीमान्त तुष्टिगुण
(स) बढ़ता सीमान्त तुष्टिगुण (द) अधिकतम सीमान्त तुष्टिगुण

19. पूँजी निर्माण निर्भर करता है–
(अ) व्यय पर (ब) आय पर
(स) बचत पर (द) उपर्युक्त सभी पर

20. निम्न में से कौन सी उत्पादन क्रिया है–
(अ) अध्यापक का अपने बच्चों को पढ़ाना
(ब) नर्स द्वारा पति की सेवा करना
(स) माता द्वारा पुत्र के लिए स्वेटर बुनना
(द) नदी किनारे पड़े रेत को शहर में बेचना

schools.aglasem.com
aglasem.com

खण्ड 'ब'

अति लघु उत्तरीय प्रश्न– **2x5** (प्रत्येक 2 अंक)

21. अदत्त व्यय से आप क्या समझते हैं?
22. बैंक समाधान विवरण की चार विशेषताएं लिखिए।
23. खड़ी एवं लेटी फाइल प्रणाली में क्या अन्तर है?
24. स्टेट बैंक ऑफ इण्डिया के कोई दो उद्देश्य लिखिए।
25. सीमान्त तुष्टिगुण ह्रास नियम की चार मान्यताएं लिखिए।

लघु उत्तरीय प्रश्न– **4x4** (प्रत्येक 4 अंक)

26. चेक और विनिमय विपत्र में अन्तर लिखिए।
27. अनुक्रमणिका की विभिन्न विधियों के नाम लिखिए।
28. भारतीय रिज़र्व बैंक के किन्हीं चार कार्यों को लिखिए।
29. निःसंचय तथा बचत में अन्तर कीजिए।

दीर्घ उत्तरीय प्रश्न– **8x3** (प्रत्येक 8 अंक)

30. 31 मार्च 2023 को समाप्त होने वाले वित्तीय वर्ष के लिए 'सागर ट्रेडर्स' के अन्तिम खाते निम्नांकित सूचनाओं के आधार पर बनाइए–

खातों के नाम	डेबिट(रू0)	क्रेडिट(रू0)
पूँजी	–	53,500
रोकड़	2,080	–
क्रय एवं विक्रय	80,000	1,12,800
वेतन	6,000	–
किराया एवं कर	4,800	–
सामान्य व्यय	3,000	–
कमीशन	–	880
अशोध्य ऋण	500	–
अशोध्य ऋण हेतु प्रावधान	–	600
विक्रय वापसी	800	–
फर्नीचर	6,000	–
प्लाण्ट	30,000	–
प्रारम्भिक रहतिया	24,600	–
देनदार एवं लेनदार	30,000	20,000
	1,87,780	**1,87,780**

schools.aglasem.com
aglasem.com

समायोजनाएँ–

(i) अन्तिम रहतिया रू0 32,000 (ii) पूर्वदत्त कर रू0 600 (iii) ह्रास की व्यवस्था कीजिए– प्लाण्ट पर 10%, फर्नीचर पर 15% (iv) अशोध्य ऋण प्रावधान को रू0 400 से बनाइए।

अथवा

समायोजनाओं से आप क्या समझते हैं? समायोजनाएं क्यों आवश्यक होती हैं? किन्ही चार समायोजनाओं के बारे में लिखिए तथा आवश्यक लेखे भी बताइए।

31. मैसर्स राजीव इलेक्ट्रिकल्स, ओबरा ने शिवा इण्डस्ट्रीज, नोएडा की ओर से निम्नलिखित माल का विक्रय किया–

(i) 15 टेलीविजन सेट	दर रू0 7,532 प्रति
(ii) 5 वाशिंग मशीन	दर रू0 4,570 प्रति
(iii) 25 रेडियो सेट	दर रू0 887 प्रति
(iv) 12 गीजर	दर रू0 2,165 प्रति

व्यय– रेल भाड़ा रू0 2,535, बीमा रू0 2,170, ढुलाई रू0 775, दुकान का किराया रू0 7,500, अन्य व्यय रू0 1,035, कमीशन 12.5% की दर से काटा गया तथा 5% परिशोध कमीशन भी अनुमन्य है। विक्रय विवरण तैयार कीजिए।

अथवा

स्टेट बैंक के केन्द्रीय बैंक सम्बन्धी कार्य लिखिये।

32. व्यय तथा बचत से आप क्या समझते हैं? व्यय और बचत के महत्व का वर्णन कीजिये।

अथवा

व्यावसायिक कार्यालयों में प्रयोग किए जाने वाले किन्ही चार समय एवं श्रम बचाने वाले यन्त्रों का वर्णन कीजिए।

schools.aglasem.com
AglaSem Earn while Learn Program. Send your papers and get paid.
Contact: support@aglasem.com
aglasem.com